DAV PUBLIC SCHOOLS, ODISHA ZONE
PERIODIC TEST-I, SESSION (2023-24)

- Please check that this question paper contains 3 printed pages.
- Check that this question paper contains 8 questions.
- Write down the Serial Number of the question in the left side of the margin before attempting it.

CLASS: VII
SUBJECT: LOWER.HINDI

Time Allowed: 1½ Hours **Marks:40**

सामान्य निर्देश:

- इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं - क , ख, ग और घ
- सभी खंड अनिवार्य हैं ।
- सभी प्रश्नो के उत्तर क्रमानुसार सही ढंग से उत्तर पुस्तिका में लिखिए ।
- **खंड घ** में अच्छे पाठक बोनस योजना पर आधारित प्रश्न दिये गए हैं।

खंड - क (अपठिक बोध)

Q1.निम्नलिखित गदयांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (1x5=5)

एक बार दो मित्र राघव और आदर्श दूसरे शहर में पैसा कमाने जा रहे थे। शहर का रास्ता जंगल से होकर गुज़रता था। उस जंगल में शेर और भालू बहुत थे। चलते समय दोनों ने कहा कि वे सुख-दुख में एक-दूसरे की सहायता करेंगे। जब वे जंगल के बीच में पहुँचे, तो उन्होंने देखा कि एक बड़ा डरावना-सा भालू उनकी ओर आ रहा है। डर के मारे राघव तो अपना वादा भूल गया और भागकर एक ऊँचे पेड़ पर चढ़ गया, परंतु आदर्श को पेड़ पर चढ़ना नहीं आता था। वह बहादुर और बुद्धिमान था। उसने अपनी माँ से सुना था कि भालू मरे हुए आदमी को नहीं खाता। वह अपनी साँस रोककर ऐसे लेट गया, जैसे मर गया हो। भालू ने आकर उसे सूँघा और मरा हुआ समझकर चला गया। राघव ने पेड़ से उतरकर आदर्श से पूछा, “भालू तुम्हारे कान में क्या कह रहा था?" आदर्श बोला, 'भालू कह रहा था कि स्वार्थी मित्र से सदा दूर रहो।

(i) राघव और आदर्श किस कारण दूसरे शहर जा रहे थे ?

(ii) चलते समय दोनों ने क्या वादा किया था ?

(iii) आदर्श ने अपनी माँ से क्या सुन रहा था ?

(iv) भालू को आता देखकर आदर्श ने क्या किया ?

(v) गदयांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए।

Q2.किसी एक विषय पर 80 से 100 अनुच्छेद लिखिए । (5x1=5)

(क) वर्षा ऋतु **(ख)** मेरा प्रिय मित्र

खंड - ख (व्याकरण)

Q3. (क) दिए गए शब्दों में से संज्ञा शब्द चुनकर लिखिए । (1x½=1)

पत्थर , पकड़ते , गिरगिट , जोड़ी

(ख) दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए । (1x2=2)

i) जो लकड़ी का काम करे --- ii) जो मरीज़ों का इलाज करे ----

(ग) दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए । (1x2=2)

i) उलटे ii) अपने

(घ) दिए गए शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए । (1x2=2)

हाथ

(ङ.) दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए । (1x2=2)

i) क्योंकि ii) चलते -चलते

(च) उचित स्थान पर लगे चन्द्रबिन्दु वाले शब्द चुनकर लिखिए। (1x½=1)

काटाँ , चाँद ,गाँव , पावँ

खंड - ग (पाठ्य पुस्तक)

Q4.दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में लिखिए । (1x6=6)

(क) सुप्पंदी ने चप्पलें किस पर रख दी ?

(ख) उलटा पुलटा कविता के कवि का नाम क्या है ?

(ग) किसका प्रसार करने के लिए गाँधीजी पैदल यात्रा कर रहे थे ?

(घ) झटपट दूसरी डाली पकड़ कौन आँखें मींचे हँसता है ?

(ड) बरसों पहले गाँधी जी को पत्थर किसने दिया था ?

(च) गाँव पहुँच कर गाँधी जी किसके घर ठहरे थे ?

Q5.दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए । (1x5=5)

(क) दादी माँ ने सुप्पंदी को क्या लाने के लिए कहा ?

(ख) कैसे व्यक्ति पछताते हैं ?

(ग) गाँधी जी को किन - किन नामों से पुकारा जाता है ?

(घ) छिपकली कहाँ से छपाक गिरती है ?

(ड) गाँधी जी खुरदरे पत्थर का उपयोग किस लिए करते थे ?

Q6.दिए गए प्रश्नों के उत्तर (25 -30) शब्दों में लिखिए । **(2x3=6)**

(क) नोआखली में किसके जंगल थे ? मनु गाँव कैसे पहुँच गई?

(ख) गिरने पर हमें हिम्मत क्यों नहीं हारनी चाहिए ?

(ग) सुप्पंदी के मन में ऐसा विचार क्यों आया कि छोटी चप्पलें को गरम करने पर वे बड़ी हो जाएँगी ?

Q7.दिए गए प्रश्नों के उत्तर <u>कोई एक</u> (40-50) शब्दों में लिखिए। **(3x1=3)**

(क) आप अपने दादा -दादी की मदद किस प्रकार करते है ?

(ख) बापू ने अगर किसी को मनु के साथ भेज दिया होता तो क्या वह इतनी परेशान होती? क्यों ?

खंड - घ (अच्छा पाठक योजना)

Q8 दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए । **(1x4=4)**

(क) देवचित्त बढ़ई किसे देखकर डर गया ?

(ख) यज्ञदत्त ब्राह्मण ने कुएँ में किसे देखा ?

(ग) धीरबल कैसा मंत्री था ?

(घ) देवशर्मा ब्राह्मण की पत्नी दुखी क्यों रहती थी ?